शादी के लंहगे साथ लड़की की यादें जुड़ी होती है। जब कभी उस लहंगे को दोबारा पहनने की सोचती है तो उसको अपनी शादी का दिन याद आ जाता है। इसलिए लहंगे को खरीदते समय अपनी हाइट, फिगर और अपने त्वचा के रंग को ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए पतली और लंबी लड़कियों को घेरे वाला लहंगा पहनना चाहिए। क्योंकि घेर वाला लहंगा लंबाई और फिगर के अनुसार आपके लुक को बैलेंस करने का काम करता है। वैसे आप चाहे तो बड़े प्रिंट और बड़े पैच वर्क वाले लहंगे भी पसंद कर सकती हैं। ये आपके फिगर को और अच्छा लुक देगा। आज हम आपको आपकी बॉडी टाइप के अनुसार आपके ड्रीम लहंगो का चयन करने के तरीकों के बारे के जानकारी देने जा रहे हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ऐसे सेलेक्ट करें अपना ड्रीम लहंगा

घेरदार लहंगे पहनने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आपकी हाइट और कम लगने लगती है। साथ ही आपको लहंगे पर हुए वर्क पर भी ध्यान देना चाहिए।

शादी का दिन हर लड़की की जिंदगी में बेहद खास होने के कारण अपनी शादी को लेकर लड़कियां बहुत एक्साइटेड होती है। जिस दिन सभी की निगाहें सिर्फ उसी पर टिकी होती है। ऐसे में लड़कियां अपनी जिंदगी के इस दिन में खूबसूरती लगने के लिए हर चीज अच्छी लेना चाहती है। इसके लिए वह सबसे ज्यादा ध्यान अपने लहंगे को खरीदने पर देती है। शादी के लंहगे साथ लड़की की यादें जुड़ी होती है। अगर आप भी किसी की शादी में जाने की तैयारी कर रही हैं, या आप खुद दुल्हन बनने वाली है। लेकिन अभी तक आपने शादी में पहनने के लिए अपना ड्रीम लहंगा नहीं लिया या फिर आपका ड्रीम लहंगा आपके बजट के बाहर का ही मिल रहा है,तो ऐसे में आप परेशान न हो, आप की इस उलझन का समाधान हम लेकर आएं है।

नॉर्मल हाइट और कर्वी फिगर

अगर आप नॉर्मल हाइट है और कर्वी फिगर की लड़की है। तो आपको घेरदार लहंगे की बजाय स्ट्रेट या फिश कट लहंगे को चुन सकती है। घेरदार लहंग पहनने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आपकी हाइट और कम लगने लगती है। साथ ही आपको लहंगे पर हुए वर्क पर भी ध्यान देना चाहिए। वर्क बारीक और पैच वर्क छोटे होने चाहिए।

लहंगे का फैब्रिक और बॉर्डर

आप सिर्फ डिजाइन और वर्क देखकर ही लहंगा न लें। आपको वर्क के साथ उसके फेब्रिक पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपकी हाइट नॉर्मल से ज्यादा है। तो लहंगों को अच्छा घेरा देने वाले नेट फेब्रिक को चुनें। लेकिन आपकी हाइट नॉर्मल या उससे कम है तो जॉर्जट या क्रेप बेस जैसे फेब्रिक को चुनें। जो लहंगे को लटकन दें। साथ ही बॉर्डर का भी ध्यान रखें अगर आपकी हाइट नॉर्मल या इससे कम है तो आपको चौड़े बॉर्डर वाले लहंगे खरीदने से बचना चाहिए। क्योंकि इस तरह का पैटर्न आपको और छोटा दिखाएगा। इसलिए आप बारीक बॉर्डर वर्क वाले या बिना बॉर्डर वाले लहंगे अच्छे लगेंगे। वहीं हाइट नॉर्मल से ज्यादा है तो आप चौड़े बार्डर वाला लहंगा चुन सकती हैं।

लहंगे का वजन

यह तो सभी लड़कियों को पता होता है कि शादी की प्रक्रिया में बहुत समय लगता है। इसलिए लहंगे को खरीदते समय सिर्फ खूबसूरती या वर्क देखकर लहंगा ना खरीदें, वजन को भी ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए लहंगे को खरीदने से पहले ट्राई करके जरूर देखें। इससे आपको आइडिया लग जाएगा कि आप इस लहंगे को लगातार कुछ घंटे पहन पाएंगी या नहीं।

लहंगे का रंग

शादी के लहंगे को खरीदते समय उसके रंगों को भी ध्यान से चुनना चाहिए। ऐसे में आपको अपनी त्वचा के रंग का ध्यान रखना होगा। अगर आपका रंग नॉर्मल से फेयर है तो आप लाइट या डार्क किसी भी शेड्स को चुन सकती हैं। लेकिन अगर आपका कॉम्प्लेक्शन डार्क है तो आपको गहरे रंगों का चुनाव ही करना चाहिए। वहीं डस्की कॉम्प्लेशन वाली लड़कियों को अपने लिए ब्राइट कलर चुनने चाहिए।

खुद की कला भी दिखाएं

अपने लहंगे को एकदम स्टालिश लुक देने के लिए आप लहंगे का बार्डर खुद ही ढूंढें। बड़े स्टोर्स में इस तरह के चयन की इजाजत नहीं होती, लेकिन छोटे बुटीक में इसके लिए कोई मना नहीं करता। लहंगे के बार्डर पर काफी मार्जिन होता है, जिसमें हम अपना मनचाहा बॉर्डर बनाव सकते हैं। इसके लिए आप शहर के लोकल होलसेल दुकानों पर जाकर अपने लहंगे के अनुसार बॉर्डर का चयन कर सकती हैं। होलसेल की दुकानों पर आपको जरी से लेकर गोटा पत्ती तक सब आसानी से मिल जाएगा।

दिखावे पर ना जाएं

बड़े स्टोर्स में आपकी ज्यादा मोल भाव की ट्रिक काम नहीं करती। ऐसे में थोड़ी जांच करके किसी बुटीक और लोकल डिजाइनर से अपना वैडिंग लहंगा बनवाने में संकोच बिल्कुल ना करें। लोकल डिजाइनर और बुटीक में भी उसी तरह का लहंगा मिलेगा जैसा कि आपको बड़ी दुकानों में मिलेगा। ऐसा भी हो सकता है कि बुटीक वाले बड़ी दुकानों से भी ज्यादा अच्छा लहंगा तैयार करके आपको दें। वह आपके नाप के मुताबिक ही आपका लहंगा बनाते हैं जिससे आपको उसे पहनते समय आराम मिलता है।

फैशन में आई फ्लेयर्ड जींस, ट्राई करें...

स्टाइल और कम्फर्ट के मामले में जींस सबसे बेस्ट आऊटफिट है। कैजुअली हो या फार्मली, इसे आप हर मौके पर वियर कर सकते हैं। कोलेज गोइंग हो या वर्किंग वुमेन, जींस पहनने के बाद महिला की पर्सनैलिटी में अलग सा ही उभार आता हैं इसीलिए तो आज यह वार्डरोब में अपनी खास जगह बना चुकी है। जींस में भी आपको बहुत सारे डिफरैंट स्टाइल देखने को मिलेंगे, जिसे आप अपनी बॉडी शेप के अनुकूल पहन सकते हैं। जींस में कुछ ट्रैंड्स ऐसे हैं जो फैशन में एवरग्रीन है जबकि कुछ स्टाइल्स आऊट और इन होते ही रहते हैं। इन दिनों बोहेमियन लुक फ्लेयर्ड जींस का फैशन ट्रैंड में है, इसे रैट्रो स्टाइल जींस भी कहा जाता है। अगर आप भी रैट्रो लुक को पसंद करती हैं तो फ्लेयर्ड जींस जरूर ट्राई करें। फ्लेयर्ड जींस घुटनों तक फिटेड और उससे नीचे खुली बेल-बॉटम स्टाइल में होती है जबकि कुछ लोग इसे बूट कट स्टाइल पेंट भी कहते है लेकिन यह उससे एकदम अलग होती है। बूट कट जींस थाईस से फिटेड नहीं होती और ना ही पैरों से बहुत ज्यादा लूज होती है। फ्लेयर्ड जींस का फैशन इन दिनों बॉलीवुड हसीनाओं को भी खूब भा रहा है। सोनम कपूर ने डेनिम जैकेट के साथ डेनिम की ही फ्लेयर्ड कट जींस वियर की। वैसे आप डेनिम जींस के अलावा अन्य फैब्रिक में भी फ्लेयर्ड पेंट ट्राई कर सकती हैं। फ्लेयर्ड में आप पैचवर्क, कलरफुल एम्ब्रायडरी वर्क, पोल्का व स्ट्राइप स्टाइल भी चूज कर सकते हैं। फ्लेयर्ड जींस उन लड़कियों के लिए परफैक्ट हैं जो स्किनी, स्ट्रेट लैग और ब्वॉयफ्रेंड जींस में कंफर्टेबल नहीं रहती।

टिप्स

- फ्लेयर्ड जींस के साथ लूज की बजाए फिटेड टॉप पहनें।
- स्पोर्टी लुक चाहती हैं तो इनके साथ कलरफुल प्लेटफॉर्म शूज पहनें।